# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 03 सितंबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE



Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान सरकार कब से 'शहर चलो अभियान 2025' शुरू करने जा रही है?

(A) 12 सितंबर से

(B) 05 सितंबर से

(C) 15 सितंबर से

(D) इनमें से कोई नही

- शहरी जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और निकायों से जुड़ी सेवाओं को सरलता से उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार आगामी 'शहर चलो अभियान 2025' शुरू करने जा रही है।
- यह विशेष अभियान 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में आयोजित होगा।
- इस दौरान शहरी क्षेत्रों की समस्याओं जैसे सफाई, पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत सहित अन्य सुविधाओं से जुड़े मुद्दों का निस्तारण किया जाएगा।
- यह अभियान जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## Yesterday Revision

⭕. राजस्थान पुलिस द्वारा सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा कब शुरू किया गया है?- 1 से 15 सितंबर 2025 तक

⭕. प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत राज्य के 1.04 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह कितने यूनिट नि:शुल्क बिजली मिलेगी ?:- 150 यूनिट

⭕. हाल ही में राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 के नए प्रारूप का अनुमोदन किसके द्वारा किया गया?:- भजनलाल शर्मा

⭕. राजस्थान में किस जिले के रेयांश उपाध्याय ने नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में सिल्वर मेडल जीता है?:- उदयपुर

⭕. वर्ल्ड रैंकिंग पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में राजस्थान के बीकानेर जिले के श्याम सुंदर स्वामी ने कौनसा पदक जीता?-गोल्ड मेडल

**01. हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के किस सदस्य ने इस्तीफा दिया है?**

(A) डॉ संगीता आर्या

(B) केसरी सिंह राठौड़

(C) डॉ मंजु शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की सदस्य डॉ मंजु शर्मा ने दिया इस्तीफा
- RPSC के सदस्यों में कार्यकाल से पहले इस्तीफ़ा देने वाली तीसरी सदस्य बनी मंजू शर्मा
- इनसे पहले कांता खतूरिया, दिव्या सिंह भी इस्तीफ़ा दे चुकी है।
- मंजु शर्मा के अलावा 4 अन्य सदस्य (संगीता आर्या, केसरी सिंह राठौड़, कैलाश चंद मीणा, अयूब खान)
- राजस्थान लोक सेवा आयोग में 01 (अध्यक्ष)+10 (सदस्य) JULY 2025 से (संविधान के अनुच्छेद 318(क) के तहत बड़ा बदलाव) पहले 1 अध्यक्ष + 7 सदस्य

राजस्थान लोक सेवा आयोग के नये अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू

02. राजस्थान की 16वीं विधानसभा का चौथा सत्र 1 सितंबर 2025 से शुरू हुआ, पिछले तीन सत्रों में कुल कितनी बैठके हुई?

(A) 34 बैठके

(B) 54 बैठके

(C) 40 बैठके

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान की 16वीं विधानसभा का चौथा सत्र 1 सितंबर 2025 से शुरू हुआ।
- पिछले तीन सत्रों में कुल 54 बैठके हुई।

Smart fact ✍

- प्रथम सत्र – 20 दिसंबर 2023 से 8 फरवरी 2024 (8 बैठक)
- द्वितीय सत्र – 3 जुलाई से 6 अगस्त 2024 (22 बैठक)
- तृतीय सत्र – 31 जनवरी से 24 मार्च 2025 (24 बैठक)

03. राजस्थान में किसके द्वारा राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के एक वर्ष के कार्यकाल की पुस्तक 'अभ्युदय की ओर' का लोकार्पण किया गया?

(A) शांति चौधरी

(B) अंजना शर्मा

(C) सोमती देवी

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जैसलमेर की रामदेवरा की सोमती देवी ने किया राज्यपाल की पुस्तक का लोकार्पण किया गया
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के एक वर्ष के कार्यकाल की पुस्तक 'अभ्युदय की ओर' का लोकार्पण
- लोकार्पणकर्ता – रामदेवरा, भीलों का बास निवासी सोमती देवी
- राज्यपाल ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल आदिवासी, जनजातीय एवं ग्रामीण गरीबों को समर्पित किया।

04. राजस्थान के किस जिले में मिस टीन इंटरनेशनल 2025 का आयोजन किया गया?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- मिस टीन इंटरनेशनल 2025 का आयोजन  जयपुर (राजस्थान) में किया गया
- मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की विजेता: लॅरिना रूइज (स्पेन)
- फर्स्ट रनर अप:  काजिया लीज मेजों (भारत)
- प्रतियोगिता के फाइनल में 24 देशों ने हिस्सा लिया।
- अक्टूबर 2025 में भारत मिस टीन यूनिवर्स 2025 की मेजबानी करेगा।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

05. हाल ही में कोटा में सम्पन्न हुई 8वीं राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता किसने जीती है?

(A) चूरू

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- कोटा में 29-31 अगस्त को सम्पन्न हुई 8वीं सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का दोनों वर्गों का खिताब बीकानेर ने जीता।
- दोनों ही वर्गों में चूरू उपविजेता रही
- प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी महिला वर्ग में बीकानेर से सलोनी और पुरुष वर्ग में बीकानेर से सिद्धार्थ रहे।
- बेस्ट उभरते खिलाड़ी महिला वर्ग में चूरू से विभा एवं पुरुष वर्ग में चूरू से राजकुमार रहे।

**06. हाल ही में पहली बार जयपुर के रामगढ़ बांध पर ड्रोन से कृत्रिम बरसात का पहला सफल प्रयोग कब किया गया?**

(a) 2 सितम्बर को

(b) 1 सितम्बर को

(c) 31 अगस्त को

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान में जलसंधारण और कृषि सुधार के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जयपुर के रामगढ़ बांध पर 1 सितम्बर को ड्रोन से कृत्रिम बरसात का पहला सफल प्रयोग किया गया।
- इस प्रयोग में हाइड्रोट्रेस प्लेटफ़ॉर्म और मेक इन इंडिया ड्रोन का उपयोग किया गया,
- क्लाउड सीडिंग ऑपरेशन सुबह 6.30 बजे से 11.30 बजे तक चला। इस दौरान रामगढ़ बांध क्षेत्र में 40 मिनट में 0.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।
- यह राजस्थान में वर्षा नियंत्रित करने और जलस्तर बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।
- विशेषज्ञों के अनुसार, ड्रोन आधारित क्लाउड सीडिंग तकनीक में वातावरण में छोटे-छोटे पदार्थों के माध्यम से बादलों में नमी के संघनन को बढ़ाया जाता है, जिससे बारिश की संभावना बढ़ती है।

07. नवम्बर में टोक्यो में होने वाले 25वें समर डेफ ओलंपिक्स गेम्स में राजस्थान के कितने खिलाड़ी हिस्सा लेंगे?

(A) 7

(B) 4

(C) 5

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- टोक्यो में 25वें समर डेफ ओलंपिक्स गेम्स में राजस्थान के 7 खिलाड़ी होंगे शामिल
- 25वां समर डेफलिंपिक्स – टोक्यो (जापान)
- आयोजन तिथि – 15 से 26 नवंबर 2025
- राजस्थान से चुने गए 7 खिलाड़ी, चूरू के रमेश कुमार जेवलिन थ्रो में और करौली के वीरेंद्र सिंह 10 किमी वॉक में हिस्सा लेंगे
- जोधपुर के पीयूष और जयपुर के अभिनव शर्मा बैडमिंटन में हिस्सा लेंगे
- मैना गुर्जर (टोंक) टेनिस व घनश्याम (श्रीगंगानगर) 800 मीटर दौड़, अर्षित (भरतपुर) कुश्ती
- डेफलिंपिक्स – श्रवण एवं वाक बाधित खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता

08. हाल ही में राजस्थान गौरव सम्मान समारोह का आयोजन कहां किया गया?

(a) जोधपुर

(b) उदयपुर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान गौरव सम्मान समारोह का आयोजन- 31 अगस्त 2025 को होगा
- इसका आयोजन- संस्कृति युवा संस्थान द्वारा जयपुर में किया
- इस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा 28 विभूतियों को राजस्थान गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार संस्कृति युवा संस्थान द्वारा भारतीय संस्कृति में अतुल्य योगदान देने वाले व्यक्तियों को पिछले 30 वर्ष से दिया जा रहा है।

09. मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में 48 किग्रा वर्ग में कौनसा पदक जीता?

(A) रजत पदक

(B) कांस्य पदक

(C) स्वर्ण पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- कुल 193 किग्रा वजन उठाकर (84 किग्रा स्नैच + 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क), चानू ने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि स्नैच, क्लीन एंड जर्क, और कुल वजन में नए कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड भी स्थापित किए।
- इस स्वर्ण पदक के साथ, मीराबाई चानू ने 2026 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई किया

10. हाल ही में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास' का 21वां संस्करण 1 से 14 सितंबर 2025 तक कहां चल रहा है?

(A) बैंगलुरू

(B) पेरिस

(C) अलास्का

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारतीय सेना अमेरिका के अलास्का में 21वें युद्ध अभ्यास के लिए अमेरिकी सेना में शामिल हुई
- संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास' का 21वां संस्करण 1 से 14 सितंबर 2025 तक फोर्ट वेनराइट, अलास्का में चल रहा है।
- भारतीय सेना की मद्रास रेजिमेंट और अमेरिकी सेना की पहली बटालियन, 5वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट इसमें भाग ले रही हैं।
- यह अभ्यास हेलीबोर्न ऑपरेशन, पर्वतीय युद्ध और निगरानी तकनीकों पर केंद्रित है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान पुलिस द्वारा सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा कब शुरू किया गया है?**

(A) 1 सितम्बर 2025

(B) 31 अगस्त 2025

(C) 15 अगस्त 2025

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine